संक्षिप्त समसामयिकी -

- उत्तर प्रदेश को 14 नए उत्पादों को जीआई पंजीकरण मिला है, उनमें वाराणसी परिक्षेत्र यानी पूर्वांचल के 9 उत्पादक शामिल हैं।
- धर्म एवं पर्यटन नगरी **बनारस की ठंडाई, लाल पेड़ा के साथ ही लाल भरवा मिर्च, चिरईगांव का करौंदा, बनारस की शहनाई और तबला, म्यूरल पेंटिंग और मूंज क्राफ्ट** के साथ **जौनपुर की इमरती को** ज्योग्राफिकल इंडिकेशन (GI) का तमगा मिला है। इसी के साथ 32 उत्पादों के साथ वाराणसी समेत पूर्वांचल जीआई का हब बन गया है, तो **उत्तर प्रदेश 69 जीआई टैग के साथ तमिलनाडु को पीछे छोड़ते हुए देश में पहले पायदान पर पहुंच गया है**।
- वाराणसी परिक्षेत्र के अलावा **मथुरा के सांझी क्राफ्ट, पीलीभीत की बांसुरी, संभाल के बोन क्राफ्ट, रामपुर के पैच वर्क, चित्रकूट के वुडन क्राफ्ट एवं खिलौने** को भी जीआई टैग हासिल हुआ है।

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 4 शख्सियतों को मरणोपरांत **देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न** से सम्मानित किया। इनमें **पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ एमएस स्वामीनाथन** शामिल हैं।
  - केंद्र ने इस साल 5 हस्तियों को भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान किया था।
  - 2024 के 5 हस्तियों को मिलाकर इस सम्मान को अब तक हासिल करने वालों की संख्या 53 हो गई।
  - पहले ये सम्मान केवल जीवित रहते दिया जाता था, लेकिन 1955 में मरणोपरांत भी भारत रत्न दिये जाने लगा।
  - भाजपा के वरिष्ठ नेता **लालकृष्ण आडवाणी** को भी देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया।

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने असम के **चार जिलों तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराईदेव और शिवसागर** में AFSPA (सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम) को 6 महीने के लिए बढ़ा दिया है। यह 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2024 तक लागू रहेगा।अधिनियम को आखिरी बार 1 अक्टूबर 2023 को बढ़ाया गया था, यह समय 31 मार्च को समाप्त हो गया है।
  - AFSPA को केवल अशांत क्षेत्रों में लागू किया जाता है।
  - इन जगहों पर सुरक्षाबल बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार कर सकते हैं।
  - कई मामलों में बल प्रयोग भी हो सकता है। पूर्वोत्तर में सुरक्षाबलों की आसानी के लिए 11 सितंबर 1958 को यह कानून पास किया गया था।

प्रमुख दिनांक/दिवस

दिनांक	दिवस	मुख्य बिंदु
1 अप्रैल	**ओडिशा स्थापना दिवस**	**1 अप्रैल साल 1936** को बिहार से अलग कर **'ओडिशा' (उड़ीसा तब के समय)** को नया राज्य बनाया गया नवगठित ओडिशा (पहले उड़ीसा) में छह जिले शामिल थे। इनके नाम इस प्रकार हैं- **कटक, पुरी, बालेश्वर, संबलपुर, कोरापुट और गंजम**, इसके बाद इनकी संख्या बढ़ गई ओड़िशा के उत्तर में झारखंड, उत्तर पूर्व में पश्चिम बंगाल दक्षिण में आंध्र प्रदेश और पश्चिम में छत्तीसगढ़ से घिरा हुआ है 

चर्चित व्यक्तित्व - नियुक्तियां

अर्नब बनर्जी

- CEAT लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) और सीईओ अर्नब बनर्जी को ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (ATMA) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया। उन्होंने जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज के MD अंशुमन सिंघानिया की जगह ली है

श्रीजेश

- इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (FIH) ने तीन बार के ओलिंपियन और इंडियन हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश को FIH एथलीट समिति का को-प्रेसिडेंट नियुक्त किया। श्रीजेश को पहली बार 2017 में FIH एथलीट समिति के सदस्य के रूप में चुना गया था।
    - श्रीजेश को 2015 में अर्जुन पुरस्कार और 2017 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

चर्चित व्यक्तित्व - निधन

सुपरस्टार लुईस गॉसेट

- 28 मार्च को कैलिफोर्निया के शहर सेंट मोनिका में **हॉलीवुड एक्टर लुईस गॉसेट जूनियर** का निधन हो गया।
    - **'एन ऑफिसर एंड अ जेंटलमैन'** फिल्म के लिए उन्हें **ऑस्कर से नवाजा** गया था।
    - लुईस गॉसेट जूनियर, ऑस्कर जीतने वाले पहले अश्वेत एक्टर हैं।

चर्चित पुस्तक

कोड डिपेंडेंट: लिविंग इन द शैडो ऑफ एआई

- भारतीय-ब्रिटिश पत्रकार और टिप्पणीकार मधुमिता मुर्गिया की पुस्तक, जो मानव समाज पर एआई के प्रभाव की पड़ताल करती है, को नॉन-फिक्शन के लिए 2024 के उद्घाटन महिला पुरस्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

अन्य राज्यों से महत्वपूर्ण समसामयिकी

- असम के छह पारंपरिक शिल्पों को नाबार्ड, क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी के समर्थन से भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त हुआ है।
  - जीआई टैग की सूची में नए जोड़े गए नाम हैं **जापी, बिहू ढोल, सार्थेबारी मेटल क्राफ्ट, अशरिकांडी टेराकोटा क्राफ्ट, पानी माटेका क्राफ्ट और मिसिंग हैंडलूम प्रोडक्ट्स**।